# बालश्रम करना और करवाना दोनों कानूनन अपराध है इसे रोकना चाहिए

**ओंकार नाथ चौधरी**

**श्रावस्ती।** मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्याः एडीजी-मसप्र-व-10/2022 विषय अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के संबंध में आदेशानुसार श्रीमान घनश्याम चौरसिया, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के आदेश पर एवं श्रीमान प्रवीण यादव, अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के निर्देश पर व श्रीमान आलोक कुमार क्षेत्राधिकारी/नोडल अधिकारी एसजेपीयू के कुशल पर्यवेक्षण में श्री मोहम्मद दानिश आजम प्रभारी निरीक्षक थाना ए.एच.टी.यू.जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में आज दिनांक 23.10.2024 को थाना कोतवाली भिनगा अंतर्गत चौकी खरगौरा तथा थाना सोनवा अंतर्गत कस्बा सोनवा बाजार बरदेहरा मोड़ तथा चौकी लक्ष्मणनगर आदि जगहों पर कारखाना, होटल ढाबो, उद्योगों व ऑटोमोबाइल एजेंसीज पर बाल श्रम मुक्त अभियान व बाल विवाह रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी विरोधी जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चौकी लक्ष्मणनगर अंतर्गत कस्बा बाजार में दो बाल श्रमिकों को बाल श्रम करते हुए पाए गया।दोनों बच्चों को बालश्रम से रेस्क्यू कर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।अभियान में थाना एएचटीयू टीम द्वारा थाना क्षेत्र तथा समस्त लोगों को बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह रोकथाम जनजागरुकता अभियान बंधुआ मजदूरी आदि के संबंध में जानकारी दी गई तथा बाल श्रम बाल, बाल विवाह ,बाल भिक्षावृति , बंधुआ मजदूरी व नशा न करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रोग्राम व संचालित हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में बताया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित समस्त अपराध व अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया गया तथा महिला हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया।

**थाना सोनवा अन्तर्गत कस्बा सोनवा,बरदेहरा मोड़,लक्ष्मननगर आदि जगहों पर बालश्रम मुक्त अभियान चलाया गया**

अभियान के दौरान थाना ए0एच0टी0यू0 से प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम ,उप0 नि0 अर्चना सिंह, आरक्षी देवेंद्र कुमार मौर्य, आरक्षी अभिषेक कुमार व महिला आरक्षी सरला अवस्थी तथा एनजीओ देहात इंडिया से रमेश कुमार आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम ने चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** नेपाल सीमा से सटे सिरसिया के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को डीएम व एसपी ने चौपाल लगा कर क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का पूरी गुणवत्ता व पक्षकारों की सहमति के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं चलेगी।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव सोहेलवा जंगल पार नेपाल सीमा से सटा हुआ है। जहां आने जाने के लिए बेहतर मार्ग न होने से बरसात के दिनों में परेशानी होती है। वहीं जंगल के मध्य पड़ने वाले पहाड़ी नाले के कारण ग्रामीणों को कई किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है। डीएम ने मौके पर मौजूद सीडीओ को प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। चौपाल में मुख्य तौर पर विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन सहित अल्पसंख्यक कल्याण पेंशन से संबंधित मामलों का निस्तारण न होने की परेशानी लोगों ने बताई।

भचकाही में आयोजित चौपाल के दौरान डीएम व एसपी को भेंट प्रदान करतीं थारु समुदाय की महिलाएं। -स्रोत : सूचना विभाग

चौपाल खत्म होने के बाद डीएम व एसपी घनश्याम चौरसिया ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया। मौजूद लोगों को सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करने की नसीहत भी दी। इस दौरान एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, डीडीओ रामसमुझ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी केपी मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल निगम एसएम असजद व बीडीओ सिरसिया अखंड प्रताप सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।